# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला – बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494001

TelePhone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website : www.bvvjdp.ac.in

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्यवरान निबोधत


क्रमांक / **667** / 680 / अका. / ऑनलाईन प्रवेश / सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 15 / 07 / 2022

## / / अधिसूचना / /

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक / 624 / 680 / अका. / ऑनलाईन प्रवेश / सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 08 / 07 / 2022 द्वारा शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष / सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण में विश्वविद्यालय के पोर्टल (वेब लिंक www.bvvjdpexam.in) पर ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 10.07.2022 समय अपरान्ह 23.59 बजे तक निर्धारित किया गया है।

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर द्वारा आयोजित सत्र 2021–22 की मुख्य वार्षिक परीक्षा, 2022 अन्तर्गत स्नातक उपाधि पाठ्यक्रमों यथा बी.ए., बी.एस–सी., बी.कॉम, बी.सी.ए. एवं बी.एच.एस–सी. के अंतिम वर्ष की परीक्षा परिणाम आज दिनांक 15.07.2022 तक जारी किया जा चुका है।

अतः शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर के अध्ययनशालाओं एवं समस्त संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति प्राप्त संचालित **एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम), स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष / सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम चरण (Phase-I) में** ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने की तिथि एवं समय में वृद्धि करते हुए प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नानुसार तिथि एवं समय निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय | पुनः संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ होने की तिथि | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से |
| 2 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने तथा ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन शुल्क भुगतान करने की प्रथम चरण की प्रक्रिया समाप्त होने की तिथि | दिनांक **10-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक | दिनांक **22-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक |
| 3 | प्रथम चरण **(Phase-I)** में किये गये ऑनलाईन पंजीयन एवं प्रवेश आवेदन उपरांत प्रवेश आवेदन में ऑनलाईन त्रुटि सुधार करने की तिथि | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से दिनांक **10-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक | दिनांक **16-06-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से दिनांक **22-07-2022** समय अपरान्ह **23.59** बजे तक |

**प्रथम चरण (Phase-I) में एल.एल.बी. (त्रिवर्षीय विधि स्नातक पाठ्यक्रम), स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष/सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने हेतु निम्नानुसार** तिथि एवं समय निर्धारित किया जाता है :–

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में लॉगिन कर **M.S. Excel Format** में डाउनलोड करने की तिथि | दिनांक **23-07-2022** समय पूर्वान्ह **10.00** बजे से |
| 2 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन कर सफलतापूर्वक आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची का परीक्षण कर संबंधित पाठ्यक्रम/विषय के लिए निर्धारित सीट संख्या अनुसार मेरिट/चयन सूची जारी करने एवं सूचना पटल पर चस्पा करने/वेबसाईट पर अपलोड करने तथा मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों की सूची पोर्टल में प्रदर्शित करने हेतु **Add to Merit** करने एवं पंजीकृत मोबाईल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से मेरिट की सूचना **SMS** के माध्यम से प्रेषित करने की तिथि | दिनांक **23-07-2022** समय पूर्वान्ह **11.00** बजे से |
| 3 | प्रथम चरण में प्रवेश हेतु संबंधित पाठ्यक्रम/विषय के लिए निर्धारित सीट संख्या अनुसार जारी की गई मेरिट/चयन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले आवेदकों के शैक्षणिक अभिलेखों की जॉच प्रवेश समिति से कराने उपरांत प्रवेश देने तथा प्रवेशित छात्रों की **User ID** को पोर्टल में लॉक करने की तिथि | दिनांक **23-07-2022** समय पूर्वान्ह **11.00** बजे से दिनांक **06-08-2022** तक |

विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष/महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय के पोर्टल में लॉगिन कर Admission सेक्शन में जाकर Provisional Merit List में क्लिक कर जिस पाठ्यक्रम में प्रथम चरण में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है, के लिए अध्ययनशाला/महाविद्यालय द्वारा पाठ्यक्रम/पाठ्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित विषय समूह के अनुसार कैटेगरी एवं जेन्डर वाईस चयन करते हुए दिनांक 23/07/2022 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से प्रथम चरण में ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन करने वाले आवेदकों की सूची एम.एस.एक्सेल फार्मेट में ऑनलाईन प्राप्त/डाउनलोड कर सकते है।

ऑनलाईन प्राप्त/डाउनलोड की गई आवेदकों की सूची के आधार पर अध्ययनशाला/महाविद्यालय संबंधित पाठ्यक्रम/पाठ्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित विषय समूह के लिए रिक्त सीट संख्या को ध्यान में रखते हुए और सत्र 2022–23 के लिए छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत के प्रावधानों का अक्षरशः पालन करते हुए आवश्यकतानुसार एक से अधिक बार अंतिम मेरिट/चयन सूची जारी कर प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया दिनांक 06.08.2022 तक सम्पन्न करायेंगे।

प्रत्येक पाठ्यक्रम और विषय समूह की मेरिट/चयन सूची में आने वाले आवेदक छात्र–छात्राओं के नाम/यूजर आईडी को पोर्टल में **Add to Merit** करेंगे और मेरिट/चयन सूची में आने की सूचना पोर्टल के माध्यम से ही **SMS** प्रेषितं करना अनिवार्य है। मेरिट/चयन सूची में आने वाले आवेदक छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन आवेदन में प्रविष्ट किये गये मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर/एस.एम.एस कर सूचित करेंगे। जारी की गई मेरिट/चयन सूची को महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराते हुए सूचना पटल पर भी चस्पा करेंगे।

महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्राओं की यूजर आईडी को पोर्टल में **Verified & Admitted** में क्लिक कर अनिवार्यतः लॉक करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि प्रवेशित छात्र–छात्राएँ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग द्वारा अधिसूचित तिथि/अवधि में ऑनलाईन नामांकन कर सके।

15/7/2022

कुलसचिव

**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर**

**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**

पृ.क्रमांक /**668**/680/अका./ऑनलाईन प्रवेश/सत्र 2022–23 जगदलपुर, दिनांक 15/07/2022

प्रतिलिपि :–

01. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
02. माननीय मुख्यमंत्री के सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
03. माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग के निज सचिव/विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
04. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
05. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय,ब्लॉक–सी 30, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
06. माननीय कुलपति महोदय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
07. कलेक्टर, जिला–बस्तर/कोण्डागॉव/कांकेर/नारायणपुर/दन्तेवाड़ा/बीजापुर/सुकमा की ओर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
08. प्राचार्य, संबद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
09. समस्त विभाग प्रमुख/विभागाध्यक्ष, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. सम्पादक, स्थानीय/लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रिन्ट/इलेक्ट्रानिक मिडिया ...................................... ................................ की ओर इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इस अधिसूचना को समाचार/विज्ञप्ति के रूप में निःशुल्क प्रकाशित करेंगे।

**सहायक कुलसचिव (अकादमिक)**

**शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर**

**जगदलपुर, जिला–बस्तर (छ.ग.)**